प्रभात खबर

# भारी मात्रा में ब्रांडेड कंपनियों की नकली शराब जब्त




जोरी. उत्पाद विभाग व वशिष्ठ नगर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए कटैया गांव में पॉल्टी फॉर्म की आड़ में संचालित अवैध विदेशी शराब की मिनी फैक्ट्री का उदभेदन किया. छापेमारी में यहां से भारी मात्रा में शराब व शराब बनाने के उपकरण जब्त किये गये. पुलिस की कार्रवाई देख तस्कर जंगल की ओर भागने में सफल रहे. कार्रवाई उपायुक्त कीर्तिश्री जी के निर्देश पर की गयी. उत्पाद अधीक्षक ने कहा कि उपायुक्त को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त गांव में पॉल्ट्री फॉर्म की आड़ में अवैध विदेशी शराब मिनी फैक्ट्री चलायी जा रही है. सूचना के आलोक में छापेमारी की गयी. इस दौरान 598 बोतल में बंद 291.015 लीटर शराब, 20 लीटर तैयार रंगीन शराब, 90 लीटर स्पिरिट, आठ पीएम विस्की व आइकॉनिक व्हाइट व्हिस्की का लेबल, होलोग्राम, शराब बोतलबंदी के उपकरण जब्त किये गये. फैक्ट्री का संचालन मुन्ना साव, छोटू साव व अशोक साव कर रहे थे. स्पिरिटल में कैरेमल व एसेंस मिला नकली शराब तैयार कर ब्रांडेड शराब की बोतलों में भरकर नकली लेबल और होलोग्राम लगा कर पैक करने का काम किया जाता था. इस संबंध में तस्करों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है. फरार तस्करों की गिरफ्तारी को लेकर अभियान चलाया जा रहा है. अभियान में उत्पाद अवर निरीक्षक आशीष कुमार पांडेय, अभिषेक आनंद के अलावा उत्पाद आरक्षी, होमगार्ड के जवान शामिल थे.

Source: [https://www.prabhatkhabar.com/state/jharkhand/chatra/large-quantity-of-fake-liquor-of-branded-companies](https://www.prabhatkhabar.com/state/jharkhand/chatra/large-quantity-of-fake-liquor-of-branded-companies)